आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 31.08.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्र सरकार ने एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये के व्यय के साथ सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के दूसरे चरण के सभी छह स्तंभों को अधिसूचित किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से तीन देशों के भारतीय राजनयिकों ने मुलाकात की, युवाओं के रोजगार अवसरों पर हुई चर्चा।
- प्रदेश सरकार, कुंभ–2027 से पहले हरिद्वार और ऋषिकेश को संस्कृत नगरी के रूप में विकसित करेगी।
- शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा– युवा शक्ति और जनभागीदारी से साकार होगा नशामुक्त उत्तराखंड का लक्ष्य।
- और... प्रदेश में बारिश को लेकर आपदा प्रबंधन विभाग सतर्क; देहरादून और टिहरी में कल ऑरेंज अलर्ट।

चिप विनिर्माण

केंद्र सरकार ने देश में चिप विनिर्माण तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये के व्यय के साथ सेमीकॉन कार्यक्रम के दूसरे चरण को अधिसूचित किया।

नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आगामी वर्षों में वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार में भारत की हिस्सेदारी करीब 10 प्रतिशत हो सकती है। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक सेमीकंडक्टर मूल्य श्रृंखला में बड़ी भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

उच्चायुक्त मुलाकात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से तीन देशों में भारत के राजनयिकों ने मुलाकात कर युवाओं के रोजगार अवसरों पर चर्चा की।

मुलाकात के दौरान उत्तराखंड के युवाओं के लिए उपलब्ध रोजगार अवसरों पर चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशों की जरूरत के अनुसार युवाओं को कौशल और भाषा का प्रशिक्षण दिया जाए। इससे उन्हें वैश्विक स्तर पर रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकेंगे।

श्री धामी ने कहा कि राज्य के युवाओं में प्रतिभा और क्षमता की कमी नहीं है। उन्हें वैश्विक मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने युवाओं के प्रशिक्षण के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

संस्कृत नगरी

प्रदेश सरकार उत्तराखंड की द्वितीय राजभाषा संस्कृत को जन–जन तक पहुंचाने की तैयारी में जुटी है। आगामी कुंभ में हरिद्वार और ऋषिकेश को संस्कृत नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए मेला प्रशासन ने 50 लाख रुपये का बजट रखा है।

कुंभ में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए 'वेलकम' की जगह 'स्वागतम्' जैसे संस्कृत शब्दों का प्रयोग होगा। विभिन्न स्थानों पर संस्कृत श्लोक और संदेशों वाले साइन बोर्ड भी लगाए जाएंगे।

अपर मेला अधिकारी कुंभ दयानंद सरस्वती ने बताया कि कुंभ के दौरान प्रचार सामग्री और विभिन्न कार्यों में संस्कृत भाषा के प्रयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

उत्तराखंड संस्कृत संस्थान के सचिव प्रोफेसर विनय कुमार विद्यालंकार ने बताया कि संस्थान जल्द ही सौ से अधिक लोगों को संस्कृत भाषा का प्रशिक्षण देगा।

नशामुक्त उत्तराखंड

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा है कि युवा शक्ति और जनभागीदारी से नशामुक्त उत्तराखंड का लक्ष्य साकार किया जाएगा।

डॉ रावत ने आज देहरादून के पित्थूवाला स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित नशा मुक्ति अभियान कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस दौरान शिक्षा मंत्री ने छात्र–छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं से स्वयं नशे से दूर रहने और समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

डॉ. रावत ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ–साथ परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर के विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

आपदा प्रबंधन विभाग

प्रदेश में मौसम विभाग की चेतावनी और लगातार हो रही बारिश को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग पूरी तरह सतर्क है। आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि प्रदेश में लगातार बारिश हो रही है।

उन्होंने बताया कि एक सितंबर को देहरादून और टिहरी में ऑरेंज अलर्ट रहेगा। ऑरेंज अलर्ट वाले क्षेत्रों में 24 घंटे के दौरान 70 से 150 मिलीमीटर तक बारिश होने की संभावना है।

आपदा प्रबंधन सचिव ने यात्रियों और आम लोगों से बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। उन्होंने लोगों से मौसम की जानकारी के लिए मोबाइल में 'सचेत' ऐप डाउनलोड करने का आग्रह किया।

श्री सुमन ने बताया कि प्रदेश के सभी मुख्य मार्ग और चारधाम यात्रा मार्ग खुले हैं। बारिश के कारण बंद हुई करीब 22 सौ सड़कों में से 21 सौ से अधिक सड़कों को खोल दिया गया है। करीब 97 प्रतिशत मार्ग बहाल किए जा चुके हैं। शेष ग्रामीण सड़कों को खोलने का काम तेजी से जारी है।

भारत–नेपाल बैठक

पिथौरागढ़ जिले में आज भारत–नेपाल समन्वय समिति की बैठक में सीमा पार तस्करी और अवैध घुसपैठ रोकने पर चर्चा हुई। ये जानकारी देते हुए पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई।

दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास, सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में लगातार समन्वय बनाए रखने पर भी सहमति जताई।

दुर्घटना

टिहरी जिले के मुनिकीरेती थाना क्षेत्र में मालागूंठी के पास दो वाहनों की टक्कर में कार सवार चार लोगों में से दो की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं।

पुलिस के अनुसार, कार ऋषिकेश से श्रीनगर की ओर जा रही थी, जबकि डंपर श्रीनगर से ऋषिकेश की ओर आ रहा था। इसी दौरान दोनों वाहनों की आमने–सामने टक्कर हो गई।

कार में एक पुरुष और तीन महिलाएं सवार थीं। दुर्घटना के बाद सभी को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया।